




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 150 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 12 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया



**आवश्यकता है**

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648


# नमकीन पर नजर, तेल से तौबा

**शहर से गांव में सप्लाय हो रही बीमारियां**

**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर से जिले के गांवों में बीमारियां सप्लाय हो रही है। यहां बात कर रहे हैं नमकीन की कढ़ाई में रखे जले हुए तेल की। जिस पर खाद्य एवं औषधि विभाग के अफसरों की कभी नजर नहीं पड़ रही। नमकीन तैयार कर गांवों में सस्ते दामों पर बेचा जा रहा है। दाम सस्ते होने का कारण है एक ही तेल का बार बार उपयोग करना है। खाद्य विभाग का अमला शहर सहित जिलेभर में घूमकर नमकीन, मिठाई व मावे का तो नमूना ले रहा है पर जगह-जगह घटिया और जले हुए तेल से भरी कढ़ाईयों पर इनकी नजर नहीं पड़ रही है। कढ़ाई में भरे तेल को बार-बार गर्म कर नमकीन शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहुंचाएं जा रहे हैं।

### दाम बयां कर रहे तेल की अशुद्धता...

सात सौ ग्राम तेल और 900 ग्राम बेसन में एक किलो सेंव तैयार होती है। एक किलो सेंव तैयार करने के लिए 70 रुपए का तेल लगता है। जले हुए तेल का दूसरी बार उपयोग नहीं किया जाता। इसी तरह से पचास रुपए का बेसन लगता है। इसके अलावा मजदूरी और अन्य सामग्री मिलाकर सेंव 140 रुपए प्रति किलो तक पहुंच रही है। इसके बाद भी कुछ जगहों पर 100 से 140 रुपए किलो तक सेंव बेची जा रही है। लागत से भी कम मूल्य पर बेचने के बाद भी व्यवसायियों को फायदा हो रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि घटिया तेल का कितनी बार उपयोग किया जा रहा है। वहीं प्रतिष्ठीत नमकीन दुकानों की



बात करें तो नमकीन के दाम 240 रुपए किलो तक है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचा रहे बीमारियां...

सोयाबीन के तेल के नाम पर 100 से 120 रुपए किलो तक की सेंव अशुद्ध और जले हुए तेल में तैयार करके बनाई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अधिकांश व्यवसायी कम दामों में पड़ने वाले नमकीन को खरीदकर गांवों में बेच रहे हैं। गांवों में लोग यह समझकर इसे खरीद रहे हैं कि शहरी क्षेत्र के दाम में नमकीन मिल रहा है। लेकिन, वे इस बात को नहीं जान पा रहे कि नमकीन की जगह वे बीमारी खरीद रहे हैं।

### होटलों-ठेलों पर जला हुआ तेल...

ठेलों पर समोसे-कचौरी, चाट और अन्य वस्तुएं बेचने वाले जगह-जगह देखे जा सकते हैं। इनमें से कई व्यवसायी ऐसे हैं जो खाद्य वस्तुओं को तलने में तेल का उपयोग मानकों के अनुसार नहीं कर रहे हैं। नियमों के अनुसार कढ़ाई में एक बार डाले गए तेल का उपयोग दो या तीन बार किया जा सकता है। लेकिन, अधिकांश व्यवसायी खर्चा बचाने के चक्कर में एक ही तेल का उपयोग कई बार कर रहे हैं। होटल, रेस्टोरेंट और ठेलों पर उपयोग के बाद जो जला हुआ तेल बचता है, उसका एकत्रिकरण जिले में नहीं हो रहा है। बड़े शहरों में इस तेल को बायो डीजल बनाने में दिया जाता है।



गणतंत्र दिवस पर इंद्रा कॉलोनी में हुआ था गैस टंकी ब्लास्ट, महिला की मौत और पति हुआ था घायल...

# आज तक नहीं मिली मृतक परिवार को कोई सहायता!

**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर की इंद्रा कॉलोनी में 26 जनवरी को गैस की टंकी में ब्लास्ट हो गया था। जिससे महिला पुष्पा बाई की दर्दनाक मौत हो गई थी एवं पति राजेश पोरवाल घायल हो गया था। जिसको आसपास के लोगों ने तुरंत उपचार के लिए बड़े अस्पताल पहुंचाया था। 26 जनवरी को ही नगर पालिका की टीम ने घर का बिजली कनेक्शन काट दिया था, तब से आज तक घर पर लाइट चालू नहीं है। अंधेरे में ही परिवार अपना गुजारा चला रहा है। न ही गैस टंकी ब्लास्ट में जो मकान क्षतिग्रस्त हुआ था, उसका जो मलवा गिरा था, वह भी नगर पालिका की टीम ने नहीं उठाया है। घटना के बाद डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया व अन्य जनप्रतिनिधियों ने घर पहुंचकर मृतक परिवार से चर्चा कर आश्वासन दिया था कि आपको सहायता दिलाई जाएगी। लेकिन, आज तक किसी भी नेता ने कोई सहायता नहीं दिलाई। इतना ही नहीं आसपास के मकानों में भी इस घटना के बाद दरारे आना शुरू हो गई थी। पड़ोसियों को डर है कि मकान गिर ना जाए, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

### बुजुर्ग मां कर रही अंधेरे में बेटे की सेवा...

हादसे ने बहु की दर्दनाक मौत और गंभीर घायल बेटे की अस्पताल से छुट्टी के बाद से घर पर अंधेरे में ही मां अपने बेटे की सेवा कर रही है। लेकिन कोई देखने, सुनने और मदद करने वाला नहीं है..। इस समय जनप्रतिनिधियों को इस परिवार की चिंता करना चाहिए। ऐसी पड़ोसियों की मांग है।

# परीक्षा देकर लौट रहे स्कूली छात्रों का टेंपो पलटा, 12 बच्चे घायल, 9 गंभीर

**मनासा, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के गांव खजुरी की नई आबादी स्थित घाटी पर सोमवार को एक सड़क हादसा हो गया। यहां स्कूली बच्चों से भरा टैंपो पलट गया।

इस दुर्घटना में 9 स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों ने निजी वाहनों एवम 108 एम्बुलेंस की मदद से मनासा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां सभी घायलों का उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि लोडिंग टैंपो में करीब दर्जन भर से अधिक बच्चे सवार थे, जो खजुरी के पास स्थित गांव आंकली सोजावस से शासकीय हाईस्कूल खजुरी में कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षा देने आए थे। जब वे परीक्षा खत्म होने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे, तब खजुरी नई आबादी के समीप स्थित घाटी पर टैंपो पलटी खा गया। इस हादसे में 9 बच्चों को चोट आई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर पहुंचे। घायल बच्चों का हाल-चाल जाना व अधिकारियों को उचित इलाज के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि इस हादसे में कुल 12 बच्चे घायल हुए है। जिनमें 9 को गंभीर चोटें आई हैं। कुछ बच्चों के हाथ पैर और सर में चोट है। कुछ बच्चों के हाथ और पैर भी फ्रैक्चर हुए हैं। फिलहाल सभी बच्चों का मनासा के सरकारी अस्पताल में उपचार जारी है।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती!

## शिक्षकों के लिए एक माह का रहेगा अवकाश

**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के वर्ष 2024 हेतु ग्रीष्मकालीन अवकाश में कमी कर 1से 31 मई तक का अवकाश घोषित किया है। जिसको लेकर प्रदेशभर के शिक्षकों में शिक्षा विभाग के प्रति नाराजगी है। शिक्षकों के अनुसार शिक्षा विभाग विगत वर्षो में निरंतर ग्रीष्मकालीन अवकाश में कमी करता आ रहा है। जो क्रमश: 60 दिवस, फिर 54 दिवस, 45 दिवस और विगत वर्ष 39 दिवस का अवकाश था। इस वर्ष पुन: अवकाश में कमी कर मात्र 30 दिवस का अवकाश प्रदान करने के निर्देश जारी किये है। शिक्षक संगठनों ने शिक्षकों के लिए अर्जित अवकाश व शनिवार के अवकाश की मांग की है।

### विद्यार्थियों के लिए डेढ़ माह की छुट्टी...

शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्म कालीन अवकाश 1 मई से 15 जून तक रहेगा। वहीं शिक्षकों के लिए 1 में से 31 मई तक का अवकाश रहेगा इसके अलावा बात करें शीतकालीन अवकाश की तो 31 दिसंबर से 4 जनवरी 2025 तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। दशहरा अवकाश 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक का रहेगा। दीपावली पर्व पर 29 अक्टूबर से 3 नवंबर तक का अवकाश घोषित किया गया है।

# बैंक वालो को पढ़ाया जागरुकता का पाठ, यातायात पुलिस ने बताए परिवहन के नियम

**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर के यातायात सूबेदार शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा तिरुपति प्लाजा रेलवे स्टेशन रोड मंदसौर पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के अधिकारियों कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारियां तथा प्रशिक्षण थाना यातायात मंदसौर द्वारा प्रदान किया गया।



प्रशिक्षण में आदेशात्मक, सूचनात्मक तथा प्रतिबंधात्मक साइन बोर्ड की जानकारी, मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न जरूरी प्रावधानों की जानकारी तथा सड़क सुरक्षा में वाहन इंश्योरेंस की महत्ता के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने आदि के बारे में जागरूकता तथा बीमा कार्य के दौरान अन्य ग्राहकों को जागरूक करने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में व्याख्यान यातायात सूबेदार शैलेंद्र सिंह चौहान, सहायक उपनिरीक्षक अर्जुन माली, आरक्षक मोडीराम रावत द्वारा दिया गया। इस अवसर पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल से ब्रांच मैनेजर श्री पुनीत कुलकर्णी तथा ब्रांच का समस्त फील्ड तथा ऑफिस स्टाफ उपस्थित रहा।

# लोकसभा चुनाव का समय आगे बढ़ाया जा सकता है..?

**मंदसौर/ उज्जैन, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव की बस घोषणा होने ही वाली है। अभी या थोड़ी देर से या कुछ दिनों में कभी भी। इसी बीच इन खबरों को बल मिलने लगा है कि देश की सीमा पर दुश्मन राष्ट्रों की गतिविधियां अचानक बढ़ गई है। अत: देश की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे में लोकसभा चुनाव को कुछ समय के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है। यह मुख्य कारण हो सकता है या इसके अलावा भी सरकार के सामने अनेक तकनीकी समस्याएं सार्वजनिक स्तर पर मुख्य समस्या बनकर खड़ी है। जिससे सरकार आलोचना और बदनामी का शिकार हो सकती है। ऐसे में केंद्र की एनडीए सरकार अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए लोकसभा चुनाव को कुछ समय के लिए आगे बढ़ा सकती है?

यह उसके अधिकार क्षेत्र का मामला है। विपक्ष सिर्फ आलोचना करता रह जाएगा। इसका एक कारण आम जनता की रुचि का मामला बीते 24 घंटे से सतह पर सार्वजनिक चर्चा का विषय बना हुआ है। अरुण गोयल का चुनाव आयुक्त पद से अचानक इस्तीफा दे देना। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव सिंह के साथ दो और चुनाव आयुक्त देश का आम चुनाव को अंजाम देने वाली टीम में काम कर रहे थे। दूसरे चुनाव आयुक्त अनूप पांडे फरवरी में सेवानिवृत हो चुके थे, अब अरुण गोयल के इस्तीफा देने के बाद अकेले सिर्फ राजीव कुमार सिंह देश का लोकसभा चुनाव नहीं करा सकते हैं। यह सरकार और राजनीतिक दलों के नेता भी जानते हैं। इसके अलावा एक खबर जिसे आम होने से रोका गया है कि भारत सरकार ने पाकिस्तान सीमा पर लगी सेना के 10 हजार जवानों की तैनाती भारत - चीन सीमा पर कर दी है। इतनी बड़ी संख्या में सैनिकों को इधर से उधर पदस्थ करना बहुत ही गंभीर मामला माना जा रहा है। इस खबर के कारण ही माना जा रहा है कि सरकार कहीं किसी बड़ी आशंका के चलते लोकसभा चुनाव को देश की सुरक्षा की दृष्टि से आगे बढ़ा सकती है। यह सर्व विदित है कि किसी भी देश की सरकार के लिए पहले अपने राष्ट्र की, फिर अपने देशवासियों की सुरक्षा प्राथमिकता होती है। यह भी सच है कि अगर देश की सीमाओं पर दुश्मन या पड़ोसी राष्ट्रों की गतिविधियां संदिग्ध लगती है तो देश की सरकार तत्काल सतर्क होकर देशहित में निर्णय लेने का अधिकार रखती है। फिर चाहे चुनाव आगे ही क्यों ना बढ़ाना पड़े।



चन्द्रमोहन भगत

इस भारत चीन सीमा के मामले के अलावा सरकार को आंतरिक मामलों को अंतरराष्ट्रीय छवि बनाए रखने लायक मापदंड से देखना परखना पड़ता है। ऐसे मामलों में भी इलेक्ट्रोल बांड भी बड़ा मामला बन चुका है। कल ही सुप्रीम कोर्ट ने आज शाम तक का समय स्टेट बैंक आफ इंडिया को दिया है। बता दें कि एक याचिका के चलते सरकार ने एसबीआई को राजनीतिक दलों को इलेक्ट्रोल बांड के माध्यम से मिले चंदे की जानकारी सार्वजनिक करने के आदेश दिए हैं। जब से इस तरह के चुनावी चंदे के बांड की योजना शुरू की गई है, तब से सभी जानते हैं की सबसे ज्यादा हजारों करोड़ तक का चंदा भाजपा को मिला है। किसने दिया, कैसे दिया, क्यों दिया और करोड़ों लाखों रुपया चंदा देने के बदले सरकारी तंत्र से बदले में फायदा तो नहीं उठाया है? ऐसे अनेक आंकड़ों के उजागर होने पर एनडीए सरकार और भाजपा की बदनामी हो सकती है। इस सूची को उजागर हो जाने पर विपक्ष सरकार को आड़े हाथों लेकर भाजपा की नीतियों को भ्रष्टाचार का तरीका साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। वैसे आज के राजनीतिक दृश्य मे एनडीए की सरकार फिर से बनना आसान माना जा रहा है। बावजूद इसके भाजपा को यही डर सता रहा है कि उसे सबसे ज्यादा बांड के सहारे चंदा मिलने के कारण सभी विपक्षी दल टारगेट कर उसकी छवी खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।







# मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए-शर्मा




**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। लखपति दीदी इनीशिएटिव लॉन्च कार्यक्रम इसी दिशा में एक और कारगर कदम है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वालंबन और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशक्त नारी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में जनपद पंचायत मंदसौर भी पूरा परिश्रम करेगी। यह बात जनपद पंचायत मंदसौर के अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा ने कही। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा लखपति दीदी इनीशिएटिव लॉन्च कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत मंदसौर में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा देश की बेटियों, बहनों के सामर्थ्य को बढ़ाने की दिशा में लगातार कार्य किए गए हैं। लगातार अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई है। सेल्फ हेल्प ग्रुप, प्रधानमंत्री आवास, मुद्रा लोन आदि योजनाओं से बहनों को काफी लाभ मिला है।

कार्यक्रम का मुख्य समारोह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आतिथ्य में आयोजित हुआ। जनपद पंचायत मंदसौर में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। जनपद अध्यक्ष श्री शर्मा ने उपस्थित स्व सहायता समूहों की बहनों के साथ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री श्री मोदी के संबोधन और महिलाओं के साथ संवाद को सुना। इस अवसर पर स्व सहायता समूह की बहनों को एक करोड़ 10 लाख रुपए की कैश क्रेडिट लिमिट के स्वीकृति प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा ने स्वीकृति प्रमाण पत्र सौंपते हुए दोहराया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में मंदसौर जनपद लगातार जुटी हुई है और पूरे प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ क्रियान्वयन की ओर आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनपद सदस्य एवं स्व सहायता समूह की बहने उपस्थित रही।

## परीक्षा में भी रामजी का वास्ता...

## विद्यार्थियों ने की इमोशनल अपील तो कहीं भगवान का नाम लिखी कॉपियां मिली

मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस। मैं पास नहीं हुई तो घर वाले शादी करवा देंगे...पास कर दिजीए, आपको भगवान राम की कसम तो कहीं भगवान के नाम से भरी हुई कॉपियों के पन्ने..यह देखने को मिल रहा बोर्ड परीक्षा में कॉपियां जांचने वाले मूल्यांकन कर्ताओं को। बोर्ड परीक्षा में पास होने और नंबर पाने के लिए छात्र भावनात्मक अपील करने में भी पीछे नहीं है। भोलेनाथ, माता सरस्वती से लेकर अन्य देवी देवताओं के आह्वान से परीक्षा कॉपी की शुरुआत कर रहे हैं। कई विद्यार्थी शादी हो जाने से लेकर बीमार होने तक का सहारा ले रहे हैं। जानकारों के अनुसार बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में इस तरह के हैरान कर देने वाले मामले शिक्षकों के पास आए हैं। कॉपियों की जांच करने वाले शिक्षक भी इसे देखकर हैरान हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा में जिले में अलग - अलग खेप में कॉपियां जांचने के लिए आ रही है।। इस बार पारदर्शिता के लिए कॉपियों में बारकोडिंग की गई है।

## दुर्घटना में हुई थी युवक की मौत

**पिपलियामंडी, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया। जानकारी के अनुसार गत् 21 फरवरी 2024 को संजीत मार्ग पर सड़क हादसे में सूदवास निवासी महेन्द्रसिंह (21) पिता नागूसिंह डांगी घायल हो गया था, जिसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। जांच डायरी आने पर नाहरगढ़ पुलिस ने रविवार को मर्ग कायम किया।

## पत्नी को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पति ने पत्नी को पीटा, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। अनिताकुंवर शक्तावत ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी शादी 9 वर्ष पूर्व गांव बरखेड़ा जयसिंह निवासी गजराजसिंह शक्तावत से हुई थी। पति आए दिन झगड़ा करते है व काम पर भी नही जाते। बीती रात्रि अकारण पति ने गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## भाई ने भाई को पीटा

**पिपलियामंडी, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** खेत पर पाइप लाइन डालने के विवाद में भाई ने भाई को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। शक्करखेड़ी निवासी नारायण डांगी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि खेत पर पाइप लाइन डालने के लिए गड्डा खोद रहा था, इस दौरान भाई नरसिंह आया, गाली-गलौज की व मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने नरसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# मंत्री विजयवर्गीय के हाथों नपा के 13 करोड़ 45 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन आज

### सांसद, विधायक, नपाध्यक्ष सहित अनेक अतिथि रहेंगे उपस्थित



**नीमच, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद् नीमच द्वारा नपाध्येक्ष श्रीमती स्वाती गौरव चौपड़ा के मार्गदर्शन में नीमच शहर में जारी विकास श्रृंखला के तहत 12 मार्च मंगलवार को सायं 4 बजे टाउन हाल नीमच में नगरीय प्रशासन एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा अन्य अतिथिगणों की उपस्थिति में 12.40 करोड़ के विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं 1.5 करोड़ के विकास कार्यों के लोकार्पण किया जाएगा।

इस अवसर पर विशिष्टअतिथि के रूप में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सदस्य श्री बंशीलाल गुर्जर, नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध माधव मारू, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री पवन पाटीदार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री योगेश जैन, श्री मोहनसिंह राणावत उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमच नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाती गौरव चौपड़ा करेंगी। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री महेन्द्र वशिष्ट, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करणसिंह परमाल एवं लोक निर्माण सभापति श्री मनोहर मोटवानी ने बताया कि 12.40 करोड़ की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन में अतिथिगणों के हाथों मुख्यिमंत्री अधोसंरचना चतुर्थ चरण भाग-1 अंतर्गत 13 सड़कों पर डामरीकरण कार्य, मुख्यमंत्री अधोसंरचना चतुर्थ चरण भाग-2 अंतर्गत 5 सड़कों का डामरीकरण कार्य, पेयजल योजना अंतर्गत शहर में पेयजल टंकियों का निर्माण व पाइन लाइन कार्य, वार्ड क्र. 16 में आरसीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 7 में पैवर ब्लॉक निर्माण कार्य, वार्ड 12 में पैवर ब्लॉक, वार्ड 13 में सीसी ब्लाक निर्माण कार्य, वार्ड 17 में इंटरलॉक टाइल्स कार्य, वार्ड क्र. 25 में रैलिंग कार्य, वार्ड 27 में पैवर ब्लॉक, वार्ड क्र. 10 में किचन शेड निर्माण, वार्ड क्र. 36 में सीसी सिलकोट कार्य, वार्ड क्र. 22 में तीन सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्र. 25 में सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 34 में सुलभ शौचालय निर्माण कार्यों के भूमिपूजन तथा 1 करोड़ 5 लाख की लागत वाले लोकार्पण कार्यों में वार्ड क्र. 34 में सीसी रोड निर्माणकार्य, वार्ड क्र. 5 में सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 30 में सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क. 8 में सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 17 में सीसी रोड निर्माण कार्य व वार्ड क्र. 1 में सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण सम्पन्न होगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री वशिष्टव नपा उपाध्यक्ष श्रीमती परमाल व लोक निर्माण सभापति श्री मोटवानी ने समस्त सभापतिगण, पार्षदगण, पत्रकारगण व गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने का अनुरोध किया है।

## बाइक सवार घायल

**पिपलियामंडी, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। मंदसौर गुलमोहर कालोनी निवासी अनिल बंजारा ने हम ईंट भट्टे पर मजदूरी कर वापस मंदसौर जा रहे थे, इसी दौरान महू-नीमच मार्ग पिपलिया पुलिस थाने के सामने, बाइक पर सवार मेरे भानेज अमृतराम को कार (आरजे 27 सीएल 0305) के ड्राइवर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे पीठ, सिर व पांव मे चोंट आई, दोनों पांव फेक्चर हो गए। पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

# पार्किंग के संबंध में 133 के तहत कार्यवाही करें-कलेक्टर



**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उन्होंने नगर पालिका एवं एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि मैरिज गार्डन, अस्पताल एवं अन्य संस्थान जहा पर पार्किंग को लेकर समस्या है। ऐसे संस्थान जिनको निर्देश देने के बाद भी पार्किंग को लेकर कोई काम नही किया। ऐसे संस्थानों पर 133 के तहत कार्यवाही करें।

इस संबंध में 7 दिवस बाद फिर से समीक्षा की जाएगी। सभी सीएमओ एवं सीईओ इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें की कोई भी कुआं एवं बोरवेल खुला हुआ नहीं रहना चाहिए। उद्योग विभाग पीएम विश्वकर्मा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर प्राप्त लक्ष्य को समय पर पूर्ण करें। पीएम आवास योजना अंतर्गत ऐसे हितग्राही जिनको पहली किस्त का भुगतान 1 से 2 साल पहले कर दिया गया, लेकिन उन्होंने आवास नहीं बनाया, सभी सीईओ ऐसे हितग्राहियों को चिन्हित कर आवास अस्वीकृत कर पैसे की रिकवरी करें। अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित प्रकरण का निराकरण तथा बैठक बिना किसी देरी के समय-समय पर आयोजित करें। जिससे संबंधित व्यक्ति को समय पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, डीएफओ श्री संजय, सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

# श्री अन्न क्षेत्र न्यास समिति द्वारा नव निर्मित आंनद मंगल मांगलिक भवन का लोकार्पण खुशनुमा माहौल में हुआ

### सांसद गुप्ता ,राज्यसभा सांसद गुर्जर, विधायक जैन एवं नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के आतिथ्य मे हुआ समारोह



**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दीन अनाथ सहायक श्री अन्नक्षेत्र न्यास समिति द्वारा नरसिंहपुरा राम टेकरी रोड पर निर्मित आंनद मंगल मांगलिक भवन का लोकार्पण खुशनुमा माहौल में मंदसौर, नीमच, जावरा संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर , मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन एवं मंदसौर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा कि श्री अन्नक्षेत्र न्यास समिति वास्तव में सेवा का अद्भुत कार्य कर रही है इस संस्था से जुड़े हुए समस्त पदाधिकारी सदस्य गण लोक कल्याण के कार्य में अपना जीवन लगा रहे हैं यह कार्य भगवान की सदप्रेरणा और आशिर्वाद के बगैर संभव नहीं है। भगवान परोपकार के कार्य के लिए जिसको निमित्त बनाता है वही लोग ऐसा कार्य कर पाते हैं। यह संस्था नर सेवा ही नारायण सेवा की तर्ज पर काम करते हुए जहां एक और मुक्तिधाम का संचालन कर रही है वहीं दूसरी ओर डेढ़ सौ वर्षो से जरूरतमंदों के लिए निशुल्क भोजन की व्यवस्था भी कर रही है । सेवा कार्यो के साथ ही आज एक और नए सोपान के रुप में आनंद मंगल मांगलिक भवन का निर्माण कर जनता को समर्पित किया गया है। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि हमारे लिए बड़े गर्व की बात है मंदसौर सुसंस्करित शहर है, यहां के लोग संस्कारवान है शहर के पुरखों ने ऐसी विरासत छोड़ी है की नगर में आने वाला कोई भूखा नहीं जाऐगा इस परंपरा के तहत अन्नक्षेत्र न्यास कमेटी डेढ़ सौ वर्षो से भोजन की व्यवस्था कर रही है। एक संकल्प के साथ पुरी ईमानदारी और पारदर्शिता से समिति व्यक्ति के अंतिम संस्कार में व्यवस्था कर रही है। लोक कल्याण के कार्य की भावना से इस संस्था के पदाधिकारी कार्य कर रहे हैं ऐसा नहीं की संस्था से जुड़े पदाधिकारी के पास कोई काम की कमी है लेकिन संस्था के लिए जीवन का क्षण क्षण समर्पित कर रहे हैं। श्री गुर्जर ने कहा कि मुक्तिधाम परिसर का सौंदर्यीकरण और अन्य कार्य शिवना शुद्धिकरण योजना में समाहित है उसके अलावा भी आवश्यकता पड़ने पर राज्यसभा निधि एवं नगर पालिका निधि से कार्य को पूर्ण कराया जाएगा। मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि श्री अन्न क्षेत्र न्यास समिति ने आनंद मंगल मांगलिक भवन निर्मित कर सेवा के कार्य में एक मिसाल कायम की है। निश्चित रूप से ऐसे कार्य अन्य लोगों के लिए प्रेरणादाई रहते हैं। मुक्तिधाम परिसर के विकास में जो भी आवश्यक्ता होगी उसे विधायक निधि के माध्यम से पूरी की जावेगी। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने शुभकामनाएं दी ।संस्था के संरक्षक श्री विजयेंद्र सेठी ,ट्रस्टी नंदकिशोर अग्रवाल ने भी अपने विचार रखें। स्वागत उद्बोधन संस्था के अध्यक्ष शांतिलाल बड़जात्या ने दिया ।

# जीरो वेस्ट ईवेंट-सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया



**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन निर्देशानुसार जीरो वेस्ट ईवेंट - सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमे निकाय के सफाई मित्रो का मजदुर कल्याण समिति मध्यप्रदेश द्वारा सफाई मित्रों का सम्मान किया जाना रहा।मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, नपा अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, भाजपा सहकारिता पकोष्ट प्रदेश सहयोजक श्री मदनलाल राठौर, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत, नपा लोक सभा सांसद प्रतिनिधी श्री कपिल भंडारी सभापति दीपमाला मकवाना,स्वच्छता ब्राण्डएम्बेसेडर श्री रामेश्वर मकवाना और श्री राजाराम तंवर, मजदुर कल्याण समिति मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष श्री करन सिंह परिहार द्वारा समस्त सफाईमित्रों को पुष्पमाला व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निकाय द्वारा यह जीरो वेस्ट पद्धति अंतर्गत किया गया जिसमें सिंगल प्लास्टिक पॉलिथिन का उपयोग नही किया गयाँ पुष्प माला,नाश्ते के लिए डिस्पोजेबल प्लेटस व पानी पिने के लिए स्टील के बर्तन का उपयोग किया गया। कार्यक्रम समाप्त होने के पश्चात सभी सामग्री को पोसेस्सिंग हेतु प्लांट ओर कम्पोस्ट प्लांट भेजा गया । इस कार्यक्रम में मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, नपा अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं भाजपा नेता श्री मदनलाल राठौर ने भी अपने विचार रखे। कार्यकम में सभापति दीपमाला मकवाना,स्वच्छता ब्राण्डएम्बेसेडर श्री रामेश्वर मकवाना और श्री राजाराम तंवर, श्री कपिल जी भंडारी,श्री करण सिंह परिहार, गोवर्धनलाल हाड़ा,श्री बापूलाल गुर्जर,श्रीमती कविता चौहान, श्री सुनील सिखवाल, श्री अजय जी शर्मा,श्री सौरभ काला,एलाईड टीम,समस्त सफाई दरोगागण एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे ।

## सरकार ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की तारीख बढ़ा कर 16 मार्च की

**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की तारीख को आगे बढ़ाया गया। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने किसानों के समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की तारीख को आगे बढ़ा कर अब 16 मार्च किया गया। किसान 16 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। 16 मार्च तक का समय किसानो को अंतिम अवसर दिया गया है। इसके बाद किसान पंजीयन नही कर सकेंगे। किसानो के लिए पहले 1 मार्च पंजीयन की आखिरी तारीख थी, जिसको बढ़ा कर 6 मार्च, 10 मार्च कर दिया गया था, वही अब इसको और आगे बढ़ा कर अब 16 मार्च कर दिया गया है।

## उप मुख्य मंत्री देवड़ा का भ्रमण कार्यक्रम



**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा 12 मार्च को प्रात: 5 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रात: 10.30 बजे मंदसौर आऐंगे। तय कार्यक्रम अनुसार उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा प्रात: 11 बजे पिपलिया मंडी में नवीन 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकापर्ण, दोपहर 1 बजे नई आबादी तुरकिया पहुंच मार्ग का भूमिपूजन, दोपहर 4 बजे फोरलेन से श्रवण महादेव मंदिर पहुंच मार्ग (खिलचीपुरा) का भूमि पूजन करेंगें।



## रासेयो इकाई मनासा के स्वयंसेवक हुए शामिल

**मनासा, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय सेवा योजना मध्यप्रदेश के द्वारा वर्ष 2024 का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर ग्राम रलायती पनवाड़ी तहसील पचौर जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश के प्रज्ञा सागर महाविद्यालय में 03 मार्च से 09 मार्च 2024 तक आयोजित किया गया था। जिसमे सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों से चयनित स्वयं सेवकों ने सहभागिता की इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय आर.वी. कॉलेज मनासा जिला नीमच के स्वयंसेवक दिव्यांशु शर्मा पिता देवेंद्र जी शर्मा एवं नेहा दुर्गज पिता राकेश जी दुर्गज ने सहभागिता की एवं नीमच जिले का प्रतिनिधित्व किया। इस शिविर की थीम स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य थी। शिविर में उत्कृष्टप्रदर्शन एवं चयन होने पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एम.एल.धाकड़ एवं रासेयो जिला संगठक प्रो. अरुण कुमार चौरसिया एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशा पटेल सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## महामहिम राज्यपाल द्वारा सैनिक कल्याण के लिए प्रदेश में सर्वाधिक राशि संग्रहित कर...

## जमा करवाने पर कलेक्टर जैन सम्मानित

**नीमच, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजभवन भोपाल में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर नीमच जिले से प्रदेश में सर्वाधिक राशि संग्रहित कर, सैनिक कल्याण के खाते में जमा करवाने पर नीमच कलेक्टर श्री दिनेश जैन को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजभवन में प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ल एवं श्री संजय दुबे व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने नीमच जिले को हासिल हुए इस सम्मान के लिए जिले की स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, विभिन्न क्लबों, अधिकारी-कर्मचारी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सभी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और मीडिया के साथियों तथा जिले के नागरिकों को दिया है। उन्होने कहा कि यह सम्मन सभी नीमच जिलेवासियों को समर्पित है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 90 | 2199 | 2365 |
| उडद | 1 | 5001 | 5001 |
| सोयाबीन | 2300 | 3030 | 4591 |
| गैहु | 10000 | 2260 | 2750 |
| चना | 1942 | 4451 | 5557 |
| मसुर | 400 | 5240 | 5891 |
| धनिया | 343 | 6151 | 7352 |
| लहसुन | 27000 | 4000 | 13300 |
| मैथी | 1100 | 4901 | 6280 |
| अलसी | 886 | 4400 | 5225 |
| सरसो | 1252 | 4421 | 4851 |
| तारामीरा | 1 | 4650 | 4650 |
| इसबगोल | 4 | 11600 | 13600 |
| प्याज | 611 | 701 | 1674 |
| कलोंजी | 26 | 14800 | 18879 |
| डॉलर | 36 | 7382 | 8061 |
| तिल्ली | 2 | 13119 | 13119 |
| मटरसुखी | 0000 | 00000 | 00000 |
| असालीया | 289 | 6092 | 7150 |


# कार्यालय कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी जिला मंदसौर

क्रमांक 206/कालोनी/2024 दिनांक-11.03.2024

## **** सार्वजनिक सूचना ****

(म.प्र. नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 (6) 23 (7) 24 (2) के अंतर्गत)

नगरपालिका परिषद मंदसौर की सीमा के द्वारा नगरीय क्षेत्र में तृतीय चरण अंतर्गत चिन्हित 01 अनाधिकृत कालोनियों के अभिन्यास को अंतिम रुप दिया जाकर नागरिक अवसंरचना एवं भवन अनुज्ञा प्रदान करने हेतु नियम के अधीन इन अनाधिकृत कालोनियों में विकास योजना को अंतिम रुप दिया जाकर विकास शुल्क का निर्धारण निम्नानुसार किया गया है-

| क्रं. | वार्ड क्रं. | अनाधिकृत कालोनी का नाम/स्थान | भू स्वामी का नाम व पूरा पता | अनाधिकृत कालोनी की भूमि का विवरण कालोनी का रकबा (क्षेत्राफल) हेक्टेयर में | | विकास कार्यों की अनुमानित लागत (लाख में) | निर्धारित विकास शुल्क प्रति वर्ग मी. (वर्ग मीटर के क्षेत्राफल) | निर्धारित विकास शुल्क प्रति वर्ग फीट (वर्गमीटर के क्षेत्राफल) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ग्राम/कस्बा एवं पटवारी हल्का क्रं. | खसरा क्रं. | | | |
| 1 | 6 | सेठिया विहार | ओमप्रकाश सेठिया व गोपाल सेठिया एवं पार्टनर मे. रोम बिल्डर्स | कस्बा मंदसौर प.ह.नं.09 | 452,453 | 58.65 | 2509.8 | 233.25 |

उपरोक्त विकास शुल्क उक्त सार्वजनिक सूचना के दिनांक से 3 माह की अवधि में जमा कराया जाना अनिवार्य है। विकास शुल्क जमा होने के उपरान्त ही भवन अनुज्ञा प्रदान करने की कार्रवाई की जावेगी।

कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी
जिला मंदसौर (म.प्र.)

# आम आदमी की पहुंच से दूर 'आम'

## संतरा-अंगूर सस्ते, बाजार में भरमार



**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** फलों के राजा आम की आवक शुरू हो गई है। हालांकि, अभी बाजार में आने वाला आम... आम आदमी की पहुंच से दूर है। क्योंकि, दाम 120 से 150 रुपए किलो तक बने हुए हैं। जो कि पिछले साल के बराबर ही हैं। इस बार संतरा और अंगूर की आवक भरपूर है। बाजार में हर दुकान पर भरमार है। संतरे 40 रुपए किलो तक मिल रहे हैं।

गर्मी शुरू होने के साथ ही फलों का सीजन भी शुरू हो चुका है। फलों के राजा आम की शुरुआत हमारे शहर में मार्च महीने से हो जाती है। इस बार भी बाजार में सही समय पर आम आने लगा है। अभी दाम ज्यादा ही हैं। बाजार में बादाम और लाल पट्ठा आम मिल रहा है, जो 120 से 150 रुपए किलो तक बिक रहा है। दाम कम हुए हैं, शुरुआती दौर में 300 रुपए में बिक रहा था। इस बार हापुस आम बाजार में नहीं है। फल विक्रेता नंदू भाई फ्रूट वाले ने बताया कि आम की आवक बढ़ेगी। बेहतर स्वाद के लिए अभी इंतजार करना होगा।

### मौसंमी कम तो संतरा खूब आ रहा...

जिले में अभी मौसंमी कम और संतरा की आवक भरपूर है। संतरे हर दुकान ठेले पर देखने को मिलेंगे। फलों की आवक सिर्फ रतलाम ही नहीं बल्कि अलग-अलग प्रदेशों से होती है। लोकल में स्ट्रॉबेरी और अंगूर की अच्छी आवक रहती है। खरबूजे की आवक पंजाब, मौसंबी, पाइनेपल की आवक आंध्रा से भी होती है। अंगूर महाराष्ट्र से भी आते हैं। ऐसे में इनके भाव आवक के मुताबिक कम ज्यादा होते हैं।

### अनार भी 100-120 रुपए किलो बिक रहा...

बाजार में अभी सबसे ज्यादा भाव सेवफल के ही बने हुए हैं। सेवफल 160 से 200 रुपए किलो तक बिक रहा है। इसके अलावा अनार 100 से 120 रुपए किलो तक बेचा जा रहा है। सस्ते की बात करें तो संतरे के साथ ही पपीता और केला भी 30 से 40 रुपए किलो बिक रहा है। बाजार में स्ट्रॉबेरी की आवक अच्छी है। अच्छी क्वालिटी की स्ट्रॉबेरी भी 40 रुपए किलो में मिल रही है। आने वाले दिनों में फलों को आवक तेज होना तय है।

# आयुष्मान कार्ड धारकों को मिलेगा पीएम श्री एयर एम्बुलेंस का फायदा

**भोपाल, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** एमपी में अब आयुष्मान कार्ड धारकों को पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का लाभ मिलेगा। सभी जिला अस्पतालों में शव वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा मध्य प्रदेश का धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग उज्जैन शिफ्ट होगा। इस आशय के फैसले को मोहन यादव कैबिनेट ने आज मंजूरी दे दी है। सरकार ने गेहूं के उपार्जन से पहले समर्थन मूल्य 2275 रुपए पर 125 रुपए बोनस देने का फैसला भी कैबिनेट बैठक में लिया है।

कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की महत्वाकांक्षी योजना पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा संचालित करने को मंजूरी दी गई है। इस योजना एक हेलिकाप्टरए एक हवाई जहाज होगा। जिसके पास आयुष्मान कार्ड बना है उसे एयर एंबुलेंस से ले जाने की पात्रता होगी। कौन सा पेशेंट होगाए इसका निर्धारण कलेक्टर और ब्डभ्व् करेंगे। यदि कोई व्यक्ति निजी अस्पताल मे इलाज कराना चाहेगा तो उसके लिए शुल्क तय किया जाएगाए जिसकी राशि जल्द तय कर सार्वजनिक की जाएगी। इसी तरह उज्जैन में सिंहस्थ की तैयारियों के बीच धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग के विभागाध्यक्ष का दफ्तर उज्जैन शिफ्ट करने का निर्णय लिया है। इसके बाद कैबिनेट ने तय किया है कि धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग को सतपुड़ा भवन से उज्जैन स्थानांतरित किया जाएगा। उज्जैन में तीर्थ कार्यालय में सतपुड़ा भवन में लगने वाला विभागाध्यक्ष कार्यालय शिफ्ट होगा। इसमें मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना भी शामिल है। कैबिनेट में नए मेडिकल कॉलेज के लिए 1200 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। नीमच, मंदसौर, श्योपुर, सिंगरौली के लिए उपकरण व अन्य सामग्रियों की उपलब्धता का काम होगा। इसके साथ ही केंद्र प्रवर्तित योजना के अंतर्गत नए मेडिकल कॉलेज के पास 13 नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। इसमें 192 करोड़ का खर्च आएगा। इसके लिए केंद्र भी राशि देगा। कैबिनेट में उज्जैन में एक नया मेडिकल कॉलेज, 100 बिस्तर अस्पताल के लिए 592 करोड़ की मंजूरी दी गई।

**जिला अस्पतालों में होंगे शव वाहन-** सीएम मोहन यादव ने कहा है कि सभी जिला अस्पतालों में शव वाहन होना चाहिए। शव वाहन नि:शुल्क रखा जाएगा जो गरीबों के लिए काम आएगा। कलेक्टर व सीएमएचओ को नि:शुल्क दिलाने का अधिकार दिया जाएगा।

**लोकायुक्त नियुक्ति की जानकारी नेता प्रतिपक्ष को दी थी-** सरकार की



ओर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने लोकायुक्त की नियुक्ति को लेकर स्पष्टीकरण भी दिया। उन्होंने लोकायुक्त के पद जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह की नियुक्ति के मामले में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान को लेकर कहा कि वे असत्य बयान दे रहे हैं। नियुक्ति के पहले सीएम कार्यालय के एक अधिकारी उनके घर गए थे और आधे घंटे तक चर्चा की थी। उन्हें नियम बताए गए और कहा कि चीफ जस्टिसए सीएम और नेता प्रतिपक्ष की सहमति होती है। नेता प्रतिपक्ष असहमत हों तो भी नियुक्ति की जा सकती है। इसमें चीफ जस्टिस, सीएम के साइन हुए थे। सीएम ने भी सिंघार से फोन पर भी बात की थी और कहा था कि अगर असहमत हों तो लिख दीजिए। सिंघार का यह बयान कि उनसे पूछा नहीं गया यह असत्य है।

# मनासा की जनता को मिलेगी सौगात, 100 बेड हॉस्पिटल आज होगा जनता को समर्पित

**✻ मनासा नगर को करोड़ों के विकास की सौगात देने आ रहे मप्र शासन के नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ✻ नवनिर्मित आडिटोरियम करेंगे मनासा की जनता को समर्पित**

**मनासा, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी, एवं मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री डा। मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में विकास का क्रम अनवरत जारी हे, और इसी क्रम को आगे बढ़ाने मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र के अंतिम सिरे पर बसे नीमच जिले की मनासा विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने आ रहे, मध्य प्रदेश शासन के नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जो आज दिनांक 12 मार्च को मनासा नगर को करोडो के विकास की सौगात प्रदान करेंगे!



वर्षों से चिकित्सा के क्षेत्र में पिछड़े हुवे मनासा विधानसभा की जनता जो, ईलाज के आभाव में परेशान थी, क्यों की उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पायी, उनकी पीड़ा को मनासा से पहली बार चुन कर आये विधायक अनिरुद्ध माधव मारु ने सुना और आम जनता को सर्व सुविधा युक्त 100 बेड हॉस्पिटल बनाकर सौगात के रूप में प्रदान किया, मनासा विधायक माधव मारु से जब चर्चा हुई तो उनका कहना था की, प्रदेश की भाजपा सरकार दोनों हाथों से जनता की भलाई के लिए पैसा देने को तैय्यार हे, लेकिन आपके चुने हुवे जनप्रतिनिधि की इच्छा शक्ति भी होना चाहिए की वो भोपाल जाकर क्षेत्र की समस्याओ से प्रदेश के मुखिया को अवगत करवाए, यक़ीन मानिये आपकी हर समस्या के समाधान का कार्य आपकी चुनी हुई सरकार करेगी, और इसी का परिणाम हे की मनासा शहर को आज 100 बेड सिविल हॉस्पिटल की सौगात मिली है। मनासा विधानसभा में विकास के भागीरथी जनता के लाडले विधायक अनिरुद्ध माधव मारु के अथक प्रयास से, विकास का क्रम निरंतर जारी हे, वहीं नगर परिषद् मनासा अध्यक्ष डा। सिमा अजय तिवारी के नेतृत्व में मनासा नगर की जनता को सर्व सुविधा युक्त पा।अटल बिहारी वाजपेयी सभा गृह ( आडिटोरियम ) की सौगात मिलने जा रही हे, उक्त आयोजन को लेकर मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारु द्वारा बताया गया की, कल दिनांक 12 / 03 / 024 को प्रदेश के नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नव निर्मित, 100 बेड सिविल हॉस्पिटल, आडिटोरियम का लोकार्पण करने और सिविल हॉस्पिटल एवं आडिटोरियम मनासा की जनता को समर्पित करने साथ ही करोडो के विकास की अन्य योजनाओ का भूमि पूजन करने पधार रहे है। आयोजन में क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता, जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन पाटीदार, मंडल अध्यक्ष मुकेश डांगी, नगर परिषद् अध्यक्ष सिमा अजय तिवारी मंचासीन अतिथि होंगे।

## पुलिस ने ढाई क्विंटल डोडाचूरा किया जप्त, एक गिरफ्तार

**नीमच, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जीरन थाना पुलिस ने 2 क्विंटल 47 किलो डोडाचूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले में एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

जीरन टीआई मनोजसिंह जादौन ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि राजस्थान पंजीकृत ट्रक से बडी मात्रा में डोडाचूरा मल्हारगढ से लेकर राजस्थान तरफ निकलने वाला है। हर्किया खाल पुलिस सहायता केंद्र के सामने नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरू की। इस दौरान आरजे 07 जीए 5718 ट्रक दिखा। उसको रोका, चालक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सोहनराम पिता हेमाराम जाट निवासी इराली का बास गांव साथीन थाना पिपाड सिटी जिला जोधपुर राजस्थान बताया। ट्रक की तलाशी लेने पर 13 प्लास्टिक के कट्टों में 2 क्विंटल 47 किलो डोडाचूरा मिला। पुलिस ने डोडाचूरा व वाहन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मल्हारगढ के आगे से डोडाचूरा लाया था व जोधपुर ले जा रहा था।

# मंदसौर विधानसभा के दलौदा, मंदसौर ग्रामीण, मंदसौर उत्तर एवं मंदसौर दक्षिण मंडल की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एंव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संगठनात्मक कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने अपनी संगठनात्मक तैयारी प्रारंभ कर दी है। आज भाजपा जिला संगठन के नेतृत्व में मंदसौर विधानसभा के चारों मंडल की बैठक सांसद एंव भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता एंव भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के आतिथ्य में दलौदा मंडल की बैठक महाराणा प्रताप रिसोर्ट एंव शेष तीनों मंडल की बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय जी एंव डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत मंडल पदाधिकारियों द्वारा किया गया। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ.सुषमा आर्य, पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, भाजपा जिला पदाधिकारीगण राजेश पालीवाल, राजेश नामदेव, सुरेंद्र सिंह सिसौदिया, राजु चावला, नपा.अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर राजकुमार गुप्ता, नरेन्द्र पाटीदार, निलेश जैन, शांतीलाल मालवीय, विजय सुराना, राधेश्याम कुमावत, मंडल अध्यक्ष गण विकास सुराणा, ईश्वर सिंह पंवार, अरविंद सारस्वत, अजय आसेरी, मंडल महामंत्री ने गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, विनोद मालवीय, गोपाल पाटीदार, मयंक मावर, रॉकी यादव, नितिन ब्रिजवानी, अनिल कबाड़ी मंचस्थ थे।



बैठको को संबोधित करते हुए सांसद एंव भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बढ़ने की और अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश 2047 के भव्य स्वरूप को प्राप्त करने हेतु प्रगति के पथ पर आगे बढ रहा है। मोदी के नेतृत्व में और आप सभी कार्यकर्ताओं की बदोलत मेरे विगत 10 वर्षीय संसदीय कार्यकाल में मंदसौर नीमच जावरा लोकसभा क्षेत्र में अभुतपूर्व विकास कार्य हुये है। पुरे देश में एक मात्र हमारी लोकसभा ऐसी है जिसमें तीनो जिला मुख्यालय पर मेडीकल कॉलेज है। संसदीय क्षेत्र के दो स्थानों पर सैनिक स्कूल प्रारंभ हो चुके है। संसदीय क्षेत्र में 70 से अधिक अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज जनता को सुविधा प्रदान कर रहे है। आज सनातन धर्म का मोर पंख पाताल से लेकर चन्द्रमा तक अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है। हम 25 करोड़ लोगो को गरीब रेखा से उपर लेकर आये है, हमारें देश पास 800 टन सोना रिर्जव पड़ा है, हम जमीनी सेना के साथ स्पेस में सेना बनाने के राह पर आगे बढ रहे है। 2027 तक हम विश्व की तीसरी बडी अर्थव्यवस्था बन जायेगें। साथ ही 82 करोड से अधिक लोगो को निशुल्क खाद्यान उपलब्ध करवा रहे है। यह सब संभव हुआ है हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरगामी सोच से। मेरा आज इस बैठक के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह है की आप इन्ही सभी योजनाओं को लेकर बूथ स्तर पर जायें और अपने-अपने बूथ पर भाजपा के पक्ष में 61 प्रतिशत से अधिक मतदान करवाये। बैठकों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा की हम सब एक ऐसे युद्ध जितने की कार्ययोजना बनाने हेतु एकत्रित हुए है जिसकी विजय नये भारत का निर्माण करेगी। आज आप सभी की उपस्थिति एक सेनापति के रूप में यहॉ हुई है, क्योकि आप के नेतृत्व में बूथ स्तर पर कार्यकर्ता के रूप में सैनिक इस राजनीतिक युद्ध को हर हाल में जितेगें। हम सभी ने प्रदेश द्वारा दिये गये गांव चलो अभियान, लाभार्थी संपर्क अभियान में बूथों पर जाकर प्रत्येक लाभार्थी से संपर्क किया। इसी प्रकार प्रदेश द्वारा दिये गये आगामी कार्य योजनानुसार बूथ विजय अभियान को लेकर एक बार पुन: बूथ पर जाकर हमें बूथ विजय की कार्ययोजना पर काम करना है। चारों मंडल की इस बैठक में मंडल में निवासरत प्रदेश एंव जिले के पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एंव कार्यसमिति सदस्य गण, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## महादेव महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से पशुपतिनाथ आराधना हॉल में महाशिवरात्रि पर महादेव महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री विपीन जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा उपस्थित थे। महादेव महोत्सव कार्यक्रम में श्री शंकर लाल धौलपुरे द्वारा लोकगायन, सुश्री प्राची घारे द्वारा शिव केंद्रित समूह नृत्?य एवं श्री नमन तिवारी द्वारा भक्ति गायन की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति दी गई।

## खाटूश्याम बाबा की भव्य फाग यात्रा 17 को निकलेगी

**मंदसौर, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 17 मार्च 2024 रविवार को नगर में खाटुश्याम बाबा की भव्य फाग यात्रा धूमधाम से सभी धर्म प्रेमियो द्वारा निकाली जायेगी। फाग यात्रा को लेकर सनातन सर्वधर्म सर्वसमाज की एक विषेष बैठक रविवार को हीरा की बगीची में पूज्य गुरूदेव आषीष जी षर्मा के मार्गदर्षन में संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित सभी महानुभावों ने अपने - अपने सुझाव यात्रा हेतु दिये। श्री श्यामसखा मित्र मंडल मंदसौर ने बताया कि फाग यात्रा में भक्तजन बाबा के साथ गुलाल की होली खेलेगे। फाग यात्रा का विषेष आर्कष्ण बाबा की शाही सवारी रहेगी। वहीं दिल्ली की झांकियां, राधा कृष्ण झांकी, अघोरी नाथ की झांकी, राम मंदिर की झांकी ,उज्जैन के ताशे, मंदसौर के ताशे, उज्जैन की डमरू पार्टी, महाकाल की तोप, डीजे ,घोड़े, बग्घी , अन्नपुर्णा ढोल पार्टी, फूल वर्षा, इत्र वर्ष आदि आकर्षण का केन्द्र रहेंगे और सबसे प्रमुख आकर्षण 3000 किलो गुलाल जो कि सभी प्रेमियो को बाबा के साथ होली खेलने के लिए लाया गया है। श्री श्यामसखा मित्र मंडल मंदसौर ने सभी धर्मप्रेमियों से निवेदन किया है कि शहर के सभी समाज, सभी वर्ग, श्याम बाबा की फाग यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारे अपने मित्रों रिश्तेदारों को भी मंदसौर यात्रा में बुलाये। यह आयोजन किसी का निजी नहीं खाटूश्याम बाबा का फाग आयोजन है इसलिए सभी अधिक से अधिक संख्या में पधारें।

### ✻ उठावना ✻

हमारे बड़े भाई, मांगीबाई के पिता, भगतराम, स्व. गोविन्दके नानाजी प्रभुलाल धनगर (मुज्याखेड़ी वाले) का निधन हो गया है। उठावना 12 अप्रेल को प्रात: 9 बजे निज निवास देवनारायण मंदिर के पास गांव लूनाहेड़ा, तहसील मल्हारगढ में रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**कंवरलाल, कन्हैयालाल, बापूलाल एवं समस्त दवाला (धनगर) परिवार, लूनाहेड़ा**

### ✻✻✻ नाम परिवर्तन ✻✻✻

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मैं इकरामुद्दीन अब से Ikramuddin usta इकरामुद्दीन उस्ता पिता नूर मोहम्मद उस्ता Noor Mohammed Usta के नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा।

**पता-20, वेदव्यास कॉलोनी, गली नंबर 4, मदीना मस्जिद के पीछे, रतलाम मो- 9893110901**

## रतलाम में पीएम आवास योजना घोटाला...

# पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता ने कोर्ट में किया सरेंडर

**रतलाम/नामली, 11 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद नामली में प्रधानमंत्री आवास योजना में हुए बहुचर्चित घोटाले के मामले में करीब चार वर्ष से फरार चल रहे भाजपा नेता व नगर परिषद नामली के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सोनावा ने मंगलवार को न्यायालय पहुंचकर सरेंडर किया। नामली पुलिस ने केस डायरी प्रस्तुत करने के साथ ही उसे पुलिस रिमांड पर सौंपने की मांग की। न्यायालय ने सुनवाई के बाद उसे 12 मार्च तक पुलिस रिमांड पर रखने के आदेश दिए। इसके बाद पुलिस दल उसे थाने ले गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस मामले में नगर परिषद के तत्कालीन सीएमओ अरूण ओझा को 31 अगस्त 2020 को तथा राजेश पुत्र प्रेमचंद उत्तमनी निवसी संतराम सिंधी कालोनी इंदौर को 23 फरवरी 2024 को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं आरोपित नरेंद्र सोनावा को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई थी। वह राजनीतिक कार्यक्रमों में कई बार दिखाई भी दिया, लेकिन पुलिस उसे फरार बताती रही, इसके बाद भी पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी।

नरेंद्र सोनावा छह मार्च को न्यायालय में सरेंडर करने लिए आवेदन देकर पेश हुआ था, लेकिन पुलिस कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी की रतलाम में आई भारत जोड़ों न्याय यात्रा में व्यस्त होने के कारण उस दिन केस डायरी प्रस्तुत नहीं कर सकी थी। पुलिस ने केस डायरी प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा था। न्यायालय ने पुलिस को 11 मार्च को केस डायरी न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। पुलिस ने मंगलवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायालय में घोटाले से संबंधित केस डायरी प्रस्तुत की। उधर, दोपहर करीब 12 बजे नरेंद्र सोनावा ने न्यायालय पहुंचकर सरेंडर किया। विशेष लोक अभियोजक केके चौहान ने बताया कि पुलिस ने सरेंडर करने पर नरेंद्र सोनावा की गिरफ्तारी ली और उसे न्यायालय में पेश कर मामले से संबंधित दस्तावेज जब्त करने व पूछताछ के लिए उसे पुलिस रिमांड पर सौंपने की मांग की। न्यायालय द्वारा पुलिस रिमांड देने का आदेश देने के बाद पुलिस नरेंद्र सोनावा को अपने साथ ले गई।

**यह है मामला-** नामली नगर परिषद में प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बडी को लेकर तूफानसिंह सोनगरा आदि ने 31 जुलाई 2019 को कलेक्टर को शिकायत की थी। तत्कालीन कलेक्टर रुचिका चौहान ने जांच के लिए 10 सदस्यीय टीम गठित की थी। टीम द्वारा 796 हितग्राहियों की जांच की गई थी, जिसमें 430 पात्र और 366 अपात्र मिले थे। इनकी अगली किस्त खातों में नही डाली गई। इसके साथ ही राशि अन्य बैंको में अंतरण कर वित्तीय अनियमितता भी सामने आई थी। इस पर नवंबर 2019 को तत्कालीन कलेक्टर के प्रतिवेदन पर तत्कालीन तहसीलदार प्रेम शंकर पटेल द्वारा नामली थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया था। इस मामले के अलावा कांग्रेस नेता दिलीप जाट ने 20 मई को कोचा तालाब में एक करोड़ रुपये से अधिक का गबन करने संबंधी शिकायत की थी। इस मामले में पुलिस ने नरेंद्र सोनावा व अन्य आरोपितों के खिलाफ चार जनवरी 2020 को धोखाधड़ी व गबन का प्रकरण दर्ज किया था।

**राजकुमार गुप्ता, एड०होकेट**
कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001 Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com
क्रमांक 29/2024 दिनांक 11.03.2024

### ✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

**सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विजय कुमार पिता भेरुलाल जी, निवासी-ग्राम-सुरी, तहसील व जिला-मन्दसौर से आवासीय मकान ग्राम सुरी, पटवारी हल्का नं.44, तहसील जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व, त्याग विविधत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. एमपी249392024ए1304165 दिनांक 10/03/2024 से मेरे पक्षकार सोहन बाई पति भेरूलाल जी, निवासी-ग्राम-सुरी, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में कराया गया है। उक्त मकान की चर्तुसीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-**

**पूर्व में- रामेश्वर बलाई, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर मे-जगदीश तेली, दक्षिण में-श्यामलाल सेठिया, पैमाईश रकबा-2125 वर्ग फीट या 197.45 वर्ग मीटर।**

**उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा** INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur **से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेर कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।**

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर




## कार्यालय अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा

उज्जैन मण्डल, उज्जैन, कोठी महल के पीछे, उज्जैन (म.प्र.) Telephone :- 0734-2510919, Email-seresujjain@mp.gov.in
क्रमांक-291/तक./ग्रायांसे/2024 उज्जैन, दिनांक-06.03.2024

### संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 12/2023-24

उज्जैन मंडल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की गई है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स.क्रं. | जिले का नाम | ऑनलाइन टेण्डर आईडी क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मंदसौर | 2024_RES_338850 | (1) सरसोद में भीमरूपी हनुमान मंदिर में यात्रियों के लिए स्थायी शेड निर्माण (2) धुंधडका में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण (3) अकोदडा में मगरा माताजी मंदिर पर यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण | 97.29 |
| 2 | मंदसौर | 2024_RES_339451 | (1)डाबला देवल में यात्रियों के लिए विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण (2) कचनारा रामदेव मंदिर में यात्रियों के लिए विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण (3) घसोई हरनेश्वर महादेव मंदिर में यात्रियों के लिए स्थायी शेड निर्माण | 97.29 |
| 3 | मंदसौर | 2024_RES_339452 | (1) गरडा सावंरिया मंदिर में यात्रियों के लिए विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण (2) बकाना में भडकेश्वरी माता जी मंदिर में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण | 64.86 |
| 4 | मंदसौर | 2024_RES_339455 | (1) अरनिया जटिया शनि मंदिर में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण (2) आंत्रीखुर्द मणीहादेव मंदिर में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण (3) बरखेडा देव में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण | 97.29 |
| 5 | नीमच | 2024_RES_339458 | (1) हर्कियाखाल बालाजी में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण (2) आवरी माता जी चिताखेड़ा में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण | 64.50 |
| 6 | नीमच | 2024_RES_339465 | (1) सागाराणी माताजी जाट में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण (2) देवनारायण मंदिर दडोली में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण (3) रकांवली माताजी रूपपुर में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण | 96.75 |
| 7 | नीमच | 2024_RES_339467 | (1) झरनेश्वर महादेव चौकडी में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण (2) केदारेश्वर महादेव बारवाडीया में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण (3) चारभुजा चौक कंजार्डा में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थायी शेड निर्माण | 96.75 |
| 8 | नीमच | 2024_RES_339469 | (1) ग्राम पंचायत आंबा के ग्राम आंबा बसदेवी माता जी डोम का निर्माण (2) ग्राम पंचायत कदवासा में सामुदायिक डोम का निर्माण | 56.69 |
| 9 | नीमच | 2024_RES_339470 | (1)ग्राम पंचायत सरोदा के ग्राम चडोल में सामुदायिक भवन डोम का निर्माण (2)ग्राम पंचायत सरोदा की सखतपुरिया में सामुदायिक भवन डोम का निर्माण (3)ग्राम पंचायत तुम्बा के ग्राम कीरपुरखुर्द में सामुदायिक भवन डोम का निर्माण | 65.80 |
| 10 | नीमच | 2024_RES_339471 | (1) ग्राम पंचायत सरवानिया मनासी के ग्राम बोरखेडी में सामुदायिक भवन डोम का निर्माण (2)ग्राम पंचायत केशरपुरा के ग्राम कनका में सामुदायिक भवन डोम का निर्माण | 43.86 |

उपरोक्त निविदाओं का निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र पोर्टल पर दिनांक 12/03/2024 से प्रात: 10:30 से उपलब्ध होगा। प्री-बीड मिटिंग दिनांक 18/03/2024 प्रात: 11.30 बजे इस कार्यालय में रखी गई है। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28/03/2024 समय 17:30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। उक्त निविदा दिनांक 05/04/2024 को कार्यालय, अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उज्जैन मण्डल, उज्जैन में खोली जावेगी।

(पवन बैरागी)
G-25973/23 पहला डोज रक्षा, दूसरा डोज सुरक्षा अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उज्जैन मण्डल, उज्जैन

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in